हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार 22 सितंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


















-: संकलनकर्ता:-



अरुण केडिया
हरिभूमि प्रतिनिधि अकलतरा
मो.नं.-7000868109

शक्ति उपासना का पर्व नवरात्रि आज से

6




## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने डाईट के प्रभारी प्राचार्य के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के दिए निर्देश

**जांजगीर-चांपा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट) जांजगीर के प्रभारी प्राचार्य बी.पी. साहू के विरुद्ध कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। व्याख्याता सुरेश कुमार साहू द्वारा की गई शिकायत पर कलेक्टर के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर द्वारा जांच की गई। जांच रिपोर्ट में प्रभारी प्राचार्य के खिलाफ विभिन्न शिकायतों की पुष्टि हुई है। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि नियमों के अनुसार प्रभारी प्राचार्य के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, शिकायतकर्ता सुरेश कुमार साहू के यात्रा आवेदन को नियमों के अनुरूप मान्यता न मिलने के कारण रोके गए जुलाई एवं अगस्त 2025 माह का वेतन सात दिन के भीतर वित्तीय नियमों के तहत भुगतान कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। कलेक्टर ने डाईट जांजगीर के प्रभारी प्राचार्य बी.पी. साहू को प्रभार से पृथक करते हुए उनके अन्यत्र स्थानांतरण तथा उनके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने हेतु सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग को अनुशंसा प्रेषित की है।

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प कल

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मंगलवार 23 सितम्बर को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय परिसर जॉजगीर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

कोयला घोटाले की जांच में पहुंची टीम ने जब्त किए महत्वपूर्ण दस्तावेज

# खनिज विभाग के बाबू के घर ईओडब्ल्यू की दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

रायपुर स्थित मंत्रालय के खनिज विभाग में पदस्थ बाबू जयचंद कोसले के अकलतरा स्थिति मकान में ई ओ डब्ल्यू की टीम ने रविवार को रेड की। टीम द्वारा छापेमारी की कार्रवाई कर महत्वपूर्ण दस्तावेज जप्त किया गया है।

कोयला घोटाले की जांच जांजगीर चाम्पा जिले तक पहुंच गई हैं। रविवार 21 सितंबर की सुबह 5 बजे एंटी करप्शन ब्यूरो के डीएसपी अजितेश सिंह की अगुवाई में ई ओ डब्ल्यू की 12 सदस्यों की टीम अकलतरा पहुंची। टीम द्वारा मंत्रालय खनिज विभाग में पदस्थ बाबू जयचंद कोसले के वार्ड नंबर 15 मंडी रोड स्थित मकान में छापेमारी की कार्रवाई की गई। टीम पहुंची तो मकान में उपस्थित लोगों में हड़कंप मच गया। ई ओ डब्ल्यू की की टीम के द्वारा जयचंद कोसले के मकान में 8 घंटे से भी ज्यादा समय तक छापेमारी की कार्रवाई करने के बाद तीन बड़े बैग में महत्वपूर्ण दस्तावेज जप्त किए जाने की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि जयचंद कोसले पूर्ववर्ती भूपेश बघेल के सरकार के खनिज विभाग में पदस्थ अधिकारी सौम्या चौरसिया के निकट एवं विश्वासपात्र कर्मचारियों में से एक था। सुबह 5 से लेकर दोपहर 1 बजे तक लगातार 8 घंटे तक कार्रवाई किए जाने के बाद ई ओ डब्ल्यू की टीम के सदस्य तीन बड़े बैग में कोयला घोटाले से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज लेकर घर से निकलते हुए दिखाई पड़े। यह भी जानकारी मिली है कि कोयला घोटाले से संबंधित प्रदेश के अन्य कई लोगों के कार्यालय एवं निवास स्थान पर भी छापेमारी की कार्रवाई की गई है।

### 8 घंटे से ज्यादा चली रेड की कार्रवाई



जयचंद कोसले के घर जांच के लिए पहुंची टीम।



### पुलिस को भी सुबह 5 बजे हुई रेड की जानकारी

ई ओ डब्ल्यू की की टीम द्वारा मंत्रालय खनिज विभाग में पदस्थ बाबू जयचंद कोसले के निवास स्थान पर छापेमारी की कार्रवाई को बड़े ही गुपचुप तरीके से की गई। यहां तक की अकलतरा थाना प्रभारी भास्कर शर्मा को भी टीम के अकलतरा पहुंचने के बाद सुबह 5 बजे मोबाइल के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई।

# विद्युत मेंटेनेंस के दौरान करंट लगने से झुलसे तीन ठेकाकर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

विद्युत मेंटेनेंस कार्य के दौरान करेंट लगने से तीन ठेकाकर्मी झूलस गए। तीनों को हसौद अस्पताल भेजा गया, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया। मामला सक्ती जिले के हसौद का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार 21 सितंबर को हसौद सबडिवीजन के नवीन कॉलेज के पास मेंटेनेंस का कार्य किया जा रहा था। ठेकाकर्मी ट्रांसफार्मर के पास काम में जुटे थे। इसी दौरान ठेकाकर्मी रामकुमार यादव, खिलावन वाक्रे और मनीष कुमार खंभे पर चढ़ने लगे। विद्युत पोल में करंट प्रवाहित हो रहा था। 11 केवी लाइन की चपेट में आकर तीनों बुरी तरह झूलस गए। मौके पर अफरा तफरी मच गई। आनन फानन में तीनों को उपचार के लिए हसौद के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय जांजगीर रिफर कर दिया गया। इधर घटना की सूचना पर विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरु कर दी गई है।



घायलों को उपचार के लिए ले जाते सहयोगी।








श्री अग्रसेन जयंती समारोह अकलतरा
22 सितम्बर 2025
श्री अग्रसेन चौक नव्य मूर्ति अनावरण,
गौशाला नवप्रकल्प भूमि-पूजन
ईंट
मुख्य अतिथि
श्री दिनेश अग्रवाल जी
अति-विशिष्ट अतिथि
श्री रविन्द्र अग्रवाल जी
विशिष्ट अतिथि
श्री विशम्भरलाल अग्रवाल जी
में पधारे समस्त अतिथियों का हार्दिक स्वागत...
विजय केडिया
अध्यक्ष
जुगलकिशोर लिखमानिया
उपाध्यक्ष
विकास केडिया
सचिव
मनोज गोयल
सहसचिव
गोपेश तुलस्यान
कोषाध्यक्ष
रजत अग्रवाल
स्वागताध्यक्ष
रीना केडिया
अध्यक्ष
ज्योति अग्रवाल
उपाध्यक्ष
अंजना अग्रवाल
सचिव
किरण तुलस्यान
सहसचिव
ममता अग्रवाल
कोषाध्यक्ष
वर्षा अग्रवाल
सह कोषाध्यक्ष
अनिल अग्रवाल
सी.ए.
विनीत- श्री अग्रवाल सेवा समिति, श्री अग्रवाल महिला समिति, श्री अग्रवाल गौशाला समिति, श्री अग्रसेन जयंती समारोह समिति अकलतरा


जय अग्रसेन
जय अग्रोहा
जय अग्रवाल
श्री श्री 1008
श्री महाराज अग्रेसन जी
की जयंती एवं नवरात्रि की
हार्दिक शुभकामनाएं....
: मुख्य अतिथि :
श्याम संदुर अग्रवाल
अध्यक्ष-नगर पालिका सक्ती
रामवतार अग्रवाल
पूर्व अध्यक्ष-नगर पालिका सक्ती
आनंद अग्रवाल
विधायक प्रतिनिधि
प्रेमचंद सराफ
समाजसेवी
विनोद अग्रवाल
समाजसेवी
राजेश अग्रवाल
शिशु रोग विशेषज्ञ
नरेश गेवाडीन-श्रीमती रीना गेवाडीन
पूर्व अध्यक्ष - पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका सक्ती
अरूण अग्रवाल
सत्यविद्या ज्वेलर्स
अमित अग्रवाल
ठेकेदार
मांगेराम अग्रवाल
शिव बुक सेंटर
गोविन्द कथुरिया
पूर्व अध्यक्ष-अग्रवाल समाज सक्ती
चमन अग्रवाल
(डीएम)
सुनील बंसल
अध्यक्ष-किराना व्यवसायी संघ
मुकेश बंसल
अध्यक्ष-चेम्बर ऑफ कामर्स सक्ती
रवि अग्रवाल
शंकर चावल उद्योग
कमलेश अग्रवाल
श्री अनुराग
डॉ. जगदीश बंसल
विजय डायमिया
पूर्व अध्यक्ष-चेम्बर ऑफ कामर्स सक्ती
शिव अग्रवाल (भोंदी)
शिव राईस मिल
मनोज अग्रवाल
महामाया ज्वेलर्स
राधेश्याम अग्रवाल
भोले बाबा राईस मिल
सुमित सराफ
ज्वेलर्स बनवारी लाल प्रेमचंद
प्रकाश अग्रवाल
डॉयरेक्टर-संस्कार स्कूल
अशोक बंसल
समाजसेवी
संतोष अग्रवाल
मंगल मेडिकल
गुड्डू अग्रवाल
ठेकेदार
विनय अग्रवाल
(लीला)
रवि अग्रवाल
अशोका ट्रेडर्स
पवन अग्रवाल
पवन ट्रांसपोर्ट
विजय मित्तल
भाजपा जिला सह संयोजक व्यापारी प्रकोष्ठ
राहुल अग्रवाल
बाबा गेवाडीन
चिराग अग्रवाल
भाजपा युवा नेता श्याम प्रेमी
अमीर अग्रवाल(भुरू)
समाजसेवी
मनीष अग्रवाल
अमन अग्रवाल
समाजसेवी
राजेश सराफ
समाजसेवी
गोमती देवी हॉस्पिटल
GOMATI DEVI HOSPITAL
स्त्री रोग विशेषज्ञ
हड्डी रोग विशेषज्ञ
शिशु रोग विशेषज्ञ
सर्जरी विशेषज्ञ
सोनोग्राफी
डायलिसिस
एक्स-रे
पैथोलॉजी
इमरजेंसी चिकित्सा
पता – बाराद्वार रोड, बेरीवाली मंदिर के पास, सक्ती
मो. 8839723027 , 8962127392
डॉ. संजय अग्रवाल
संकनकर्ता : रामनरेश सिंह यादव, महामाया न्यूज एजेंसी सक्ती मो. 7000058181

## खबर संक्षेप

### विज्ञान मेला में-कक्षा 10वीं की छात्रा अंशिका ऐरन ने मारी बाजी



**चांपा।** शिवरीनारायण में आयोजित विभाग स्तरीय विज्ञान मेला व वैदिक गणित प्रश्न मंच प्रतियोगिता सरस्वती शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में कक्षा 10 वीं की होनहार छात्रा अंशिका ऐरन अग्रवाल ने विषय साइंस प्रोजेक्ट ( वॉटर पॉल्यूशन, जल प्रदूषण ) विज्ञान मेला प्रदर्श मॉडल बनाकर एवं इस विषय पर शानदार ( प्रेजेंटेशन ) देते हुए तृतीय स्थान रही। अंशिका अग्रवाल बरपाली चौक डागा कॉलोनी चांपा निवासी अजय मधु ( ऐरन ) अग्रवाल की सुपुत्री है। इस सफलता पर उनकी दादी कमला देवी अग्रवाल, भाई लक्ष्य अग्रवाल एवं ताऊ विजय अग्रवाल सहित परिवार के साथ- साथ स्कूल के प्राध्यापक गणों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। पिछले वर्ष कक्षा 9 वीं में अंशिका ने विषय रैन हार्वेस्टिंग जल संरक्षण पर बेहतरीन ( प्रेजेंटेशन ) देते हुए प्रथम स्थान हासिल किया था। अपने स्कूल , जिले, व संभाग, में ( प्रथम ) एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता डोंगरगढ़, में शानदार उपलब्धि ( द्वितीय स्थान) हासिल की थी।

### ग्राम पंचायत को नशामुक्त बनाने ग्रामीणों व बच्चों ने निकाली रैली



**बम्नीडीह।** नशा के खिलाफ आवाज उठाते हुए ग्राम पंचायत लखुरी के आम जन, नशा मुक्ति अभियान के नेतृत्व करते हुए सरपंच श्रीमती लक्ष्मीन बाई कर्ष, रैली में स्कुली बच्चों के साथ साथ महिलाओं ने बढ़चढ़ के हिसा लिया। ग्राम पंचायत लखुरी को नशामुक्त बनाने के लिए बच्चों ने नशा के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा हम सब का एक ही नारा नशा मुक्त हो गांव हमारा, नशा से दुरी बनाना है नशा मुक्त ग्राम बनाना है, नशा छोड़ो जीवन से नाता जोड़ो, युवा पीढ़ी को बचाना है नशा को दूर भगाना है के नारे से गूंजते हुए गली गली रैली निकाला गया। सारागांव थाना प्रभारी के निर्देश अनुसार पुलिस प्रशासन के टीम मौके पर पहुंचे और नशा मुक्ति अभियान के सराहनीय कार्य के लिए सरपंच,बीडीसी,पंच एवं आम जनता का हौसला बढ़ाया। इस अभियान में शिक्षक संजय धीवर, मितानिन रूक्मणी आदित्य ने स्कूली बच्चों एवं युवाओं को नशा से दूर रहने अपील की। सामाजिक कार्यकर्ता मनहरण, सरपंच प्रतिनिधि कौशल प्रसाद कर्ष ने कहा कि स्कूली बच्चे हमारे देश के भविष्य है, और इन ही बच्चों में से एक जिला कलेक्टर,एस डी एम, शिक्षा विभाग के अफ़सर एवं स्वास्थ्य विभाग के अफ़सर बनेंगे और हमारे गांव जिला, प्रदेश का नाम रोशन करेंगे, मगर नशा एक ऐसा जहर है जो आज के युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहा हैं। गांव का असली विकास तभी है जब लोग शिक्षित, स्वस्थ, एवं नशा मुक्त होंगे। इस मौके पर उपसरपंच अनुराग, बीडीसी ब्यास नरायण यादव, शिक्षक राज, राम लाल,संतोष कर्ष, विरेन्द्र यादव, अर्जुन धीवर, एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### निधन

#### बुधराम महंत

**चांपा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के जीजा एवं सिंधी कॉलोनी



निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक बुधराम महंत का रविवार 21 सितम्बर को निधन हो गया। वे 83 वर्ष के थे। स्व. महंत अपने पीछे एक पुत्र का परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार रविवार को ही अपरान्ह 4.30 बजे हसदेव बेरियर के पास पी.आई.एल. बाइपास मार्ग स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया। इस मौके पर परिजन, सजातीय बंधुओं समेत अनेक कांग्रेस नेता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## देवी मंदिरों में जगमगाएंगे आस्था के ज्योत

# शक्ति उपासना का पर्व नवरात्रि आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शक्ति उपासना का पर्व शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ सोमवार 22 सितंबर से भक्तिमय वातावरण में होगा। इसको लेकर देवी मंदिरों में तैयारी लगभग पूर्ण हो गई है। सोमवार को शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ मंदिरों में आस्था के ज्योत जगमगाएंगे, वहीं जगह-जगह सार्वजनिक पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके साथ ही नौ दिनों तक पूजा-अर्चना होगी।

जिले के चंद्रपुर स्थित चन्द्रहासिनी मंदिर, शिवरीनारायण की मां अन्नपूर्णा, खोखरा की मनकादाई, चंडी मंदिर केरा, हरदी महामाया और जांजगीर स्थित मां शारदा मंदिर, काली मंदिर, चांपा में समलेश्वरी देवी, हटरी बाजार स्थित मां दुर्गा मंदिर, देवांगन पारा और कालेज रोड स्थित मां संतोषी मंदिर, रामबांधा तालाब के किनारे मां महामाया सम्लाई मंदिर, मदनगढ़ स्थित मनकादाई, काली मंदिर, सलखन, नवागढ़ स्थित चण्डी मंदिर, पहरिया की अन्नधरी देवी, घाठाद्वारी की त्रिपुर सुंदरी, सरई सिंगार देवी मंदिर, खरौद की मनकादाई कंकालिन देवी, महामाया देवी और शबरी मंदिर, बनारी की मनकादाई, अकलतरा के महामाया आदि देवी मंदिरों में नवरात्रि की तैयारी लगभग पूर्ण हो गई है। यहां सुबह शुभ मुहूर्त में मनोकामना ज्योति प्रज्वलित किए जाएंगे। इसके अलावा दुर्गोत्सव को लेकर आज श्रद्धालु माता की प्रतिमा लेकर गए, जिसे विधि-विधान से स्थापित किया जाएगा। श्रद्धालु विशेषकर महिलाएं पर्व के दौरान उपवास रखकर मां दुर्गा क आराधना करेंगे। इधर नगर के बी.डी. महंत उपनगर, अग्रसेन भवन के पास सहित अनेक स्थानों पर दुर्गोत्सव समितियों द्वारा आकर्षक पंडाल बनाया गया है। यहां मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। नवरात्रि पर्व में जगह-जगह देवी भागवत, माता सेवा गीत, कीर्तन, भजन आदि का कार्यक्रम होगा। कुल मिलाकर शारदीय नवरात्रि पर्व के लिए शहर में लोगों द्वारा की जा रही जोरदार तैयारियों के चलते समूचा माहौल भक्तिमय हो उठा है। पर्व के दौरान श्रद्धालुओं विशेष रुप से महिलाओं द्वारा नौ दिनों तक उपवास रखकर माता भवानी की आराधना की जायेगी।



दुर्गोत्सव को लेकर माता की प्रतिमा लेकर जाते श्रद्धालु।

### महामाया देवी मंदिर में आज से प्रज्जवलित होंगे मनोकामना ज्योति कलश

**खरौद।** नगर पंचायत खरौद के मांझा पारा में स्थित प्राचीन और सिद्धपीठ मां महामाया देवी मंदिर सोमवार 22 सितंबर से भक्तों की मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए मनोकामना ज्योति



कलश प्रज्जवलित किया जाएगा। यह मंदिर नगरवासियों की आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र है, जहां मां महामाया देवी अनंतकाल से विराजमान हैं। हर वर्ष शारदीय (क्वांर) नवरात्रि और वासंती (चैत्र) नवरात्रि के दौरान यहां विशेष पूजा-अर्चना के साथ मनोकामना ज्योति जलती है। मान्यता है कि मां महामाया दुःख हरने वाली और ममता स्वरूपा हैं, जो भक्तों की सच्ची प्रार्थनाओं को पूरा करती है यह मंदिर विशेष रूप से संतान प्राप्ति और जीवन की कठिनाइयों के समाधान के लिए प्रसिद्ध है। श्रद्धालु अपनी इच्छाओं और समस्याओं का समाधान पाने के लिए दूर-दूर से मां के दरबार में आते हैं। माता के दरबार में भक्ति और श्रद्धा का माहौल पूरे क्षेत्र में देखने को मिलेगा, जिससे भक्तों की आस्था और विश्वास और भी मजबूत होगा। माँ महामाया देवी की कृपा से सभी श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होने की उम्मीद है। मातारानी के नव दिन तक जागरता गायन वादन के लिए जसगीत मंडली को आमंत्रित किया गया है।

# अग्रसेन जयंती समारोह आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय अग्रवाल सेवा संघ के तत्वाधान में सोमवार 22 सितम्बर को अग्रवंश संस्थापक श्री श्री 1008 श्री अग्रसेन महाराज जी की जयंती परंपरानुसार हर्षोल्लास के साथ श्रीराम मंगलम में मनायी जायेगी। पूर्वान्ह 11.30 बजे मोदी चौक स्थित श्री श्याम मंदिर से बाजे-गाजे के साथ महाराज अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा नगर में निकाली जायेगी।

- रायपुर निवासी बसंत अग्रवाल होंगे मुख्य अतिथि व बिलासपुर के गौरव अग्रवाल होंगे विशिष्ट अतिथि

समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर निवासी उद्योगपति, समाजसेवी एवं धर्मवीर बसंत अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि बिलासपुर निवासी उद्योगपति व समाजसेवी गौरव अग्रवाल होंगे।

यह जानकारी देते हुए अग्रवाल सेवा संघ के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल तथा सचिव अखिलेश मोदी ने बताया कि अग्रसेन जयंती समारोह 2025 के तहत विगत 19 सितम्बर से श्रीराम मंगलम में समाज के विभिन्न वर्गों के लिए विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसका समापन मुख्य समारोह में अतिथियों द्वारा स्पर्धा के विजेताओं को पुरस्कार वितरण के साथ होगा। समाराह के दिन सोमवार 22 सितम्बर को पूर्वान्ह 11.30 बजे से मोदी चौक स्थित श्री श्याम मंदिर से अग्रवंश संस्थापक महाराज अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा बाजे-गाजे के साथ नगर में निकाली जायेगी। शोभायात्रा में शामिल अग्र समाज के पुरूष सफेद पैजामा-कुर्ता तथा महिलाएं सफेद या लाल साड़ी के ड्रेस कोड में शामिल होंगे। शोभायात्रा में शामिल लोगों का मार्ग में मोदी चौक पर नंदलाल रंगलाल मोदी चैरिटेबल ट्रस्ट, डोंगाघाट चौक में विष्णु कुमार मनीष मोदी परिवार,सदर बाजार में जोखीराम बिरदीचंद परिवार,कदंब चौक में प्रहलाद राय संजय मोदी परिवार तथा थाना चौक में मारवाड़ी युवा मंच चांपा शाखा परिवार द्वारा कोल्ड ड्रिंक्स, शीतल जल और जलपान से स्वागत किया जायेगा। यह शोभायात्रा नगर भ्रमण के पश्चात श्रीराम मंगलम पहुंच कर समारोह के रूप में परिवर्तित हो जायेगी। यहां रायपुर निवासी उद्योगपति, समाजसेवी एवं धर्मवीर बसंत अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य तथा बिलासपुर निवासी उद्योगपति व समाजसेवी गौरव अग्रवाल के विशिष्ट आतिथ्य में अग्रसेन जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। यहां अतिथियों द्वारा मंचासीन होने के पूर्व आरती की थाल सजाओ स्पर्धा के विजेताओं का चयन किया जायेगा। प्रथम विजेता के थाल से महाराज अग्रसेन जी की आरती की जायेगी। अतिथियों के स्वागत पश्चात समाज के वरिष्ठ लोगों का सम्मान किया जायेगा। इसके पश्चात अतिथि संबोधन के बाद उनके द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों के लिए आयोजित स्पर्धाओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जायेगा। इसके पूर्व अतिथियों का नगर आगमन पर लछनपुर चौक स्थित पवन मोदी के निवास पर स्वागत कर समाज के युवाओं द्वारा बाइक रैली के साथ आयोजन स्थल तक लाया जायेगा।



महाराज अग्रसेन



बसंत अग्रवाल



गौरव अग्रवाल

### अग्रसेन जयंती समारोह में आज निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

**अकलतरा।** श्री अग्रसेन जयंती समारोह का आयोजन 22 सितंबर को श्री अग्रवाल सेवा समिति के तत्वाधान में हर्षोल्लास एवं धूमधाम से किया जाएगा। श्री अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष विजय केडिया ने बताया कि श्री अग्रसेन जयंती समारोह में उत्कल प्रांतीय मारवाड़ी संघ उड़ीसा के अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में एवं बाल गोपाल फूड्स लिमिटेड बरगढ़ उड़ीसा के प्रबंध संचालक रविंद्र अग्रवाल व रायगढ़ के प्रसिद्ध समाजसेवी विशंभर दयाल अग्रवाल अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस दौरान सुबह 11:00 बजे अग्रसेन भवन में महाराजा अग्रसेन जी की पूजन एवं आरती, दोपहर 3:00 बजे अग्रसेन गौशाला के नवप्रकल्प का उद्घाटन, 3:30 बजे श्री अग्रसेन चौक में अग्रसेन महाराज के नवीन प्रतिमा का अनावरण, 4:00 महाराजा अग्रसेन की झांकी के साथ भव्य शोभा यात्रा का आयोजन, शाम 7:00 बजे मंचीय कार्यक्रम एवं रात 8:30 बजे अग्र स्नेह भोज का आयोजन किया जाएगा।

## विधायक के वायरल ऑडियो मामले को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने रैली निकालकर फूंका पुतला



रैली निकालकर पुतला दहन करते भाजपा पदाधिकारी एवं महिला मोर्चा के कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

अम्बेडकर चौक में कांग्रेस विधायक के द्वारा रेत माफिया लोगों के साथ मिल कर रुपए की अवैध लेनदेन के ऑडियो वायरल होने के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा विधान सभा स्तरीय पुतला दहन किया गया। साथ ही रेत चोर गद्दी छोड़ के नारा के साथ प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषी पर कार्यवाही की मांग की गई।

भाजपा कार्यकर्ता स्थानीय विश्राम गृह से रैली के साथ नारे लगाते हुए अम्बेडकर चौक पहुंचे जहां पर पुतला दहन किया गया । पुतला दहन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, सत्यलता मिरी अध्यक्ष जिला पंचायत जांजगीर चांपा, संतोषी सिंह, प्रतिभा कश्यप,संतोषी साहू, नीमा तिवारी,चन्द्रावली सोनी, मानेश जांगड़े, गुरुदयाल पाटले, दरश राम पटेल, सत्येंद्र सिंह,सुखसागर ओगरे, ओम प्रकाश राठौर, फिरतराम कुर्मी, लक्ष्मीकांत गौरहा,मनोज घोष, संजय खांडे, सहित पामगढ़ महिला मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे।

## आपसी विवाद पर चाकू से वार कर भाई की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

आपसी विवाद को लेकर छोटे भाई ने चाकू से की बडे भाई पर जानलेवा हमला कर दिया। चाकू की वार से बड़े भाई की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

- नैला भांठापारा की घटना

मामला नैला भांठापारा का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार 21 सितंबर को सुबह 9 बजे के नैला भाठापारा के पास जितेश सूर्यवंशी ने अपने बडे भाई मुकेश सूर्यवंशी के साथ विवाद किया। विवाद बढ़ने पर जितेश ने गुस्से मे आकर अपने बडे भाई मुकेश सूर्यवंशी को धारदार चाकू से गले पर वार कर दिया। गले में गहरा चोट लगने से मुकेश जमीन पर गिरकर अचेत हो गया। गले मे गहरा चोट लगने से मुकेश सूर्यवंशी की मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले में धारा 103(1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। पुलिस ने एफएसएल टीम के साथ घटनास्थल पहुंचकर मुआयना किया। पुलिस द्वारा आरोपी जितेश सूर्यवंशी उर्फ भन्नी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिसको घटना के संबंध में पूछताछ कर मेमोरेंडम कथन लिया गया जिसके द्वारा जुर्म स्वीकार किए जाने पर घटना मे प्रयुक्त धारदार चाकू को आरोपी के कब्जे से बराबद कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। इस कार्यवाही में विनोद कुमार जाटवर चौकी प्रभारी नैला, शेख सफी उल्लाह, जगदीश अजय, भीम श्रीवास, सतीष राणा, राधेश्याम पूर्णा, रूद्र नारायण कशयप, राजकुमारी खुंटे, गोपाल राजवाडे, नवीन तरूण, द्वारिका साहू, डीके साहू, संतोष रात्रे, चंद्रशेखर कंवर, संदीप मरावी, महिला आरक्षक निरमा टोप्पो एवं चौकी स्टाफ का योगदान रहा।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

### पुरानी रंजिश पर भतीजे ने किया चाचा का मर्डर

**चांपा।** पुरानी रंजिश पर भतीजे ने हसिया से वारकर चाचा की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी भतीजे को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोटाडबरी निवासी 60 वर्षीय राम प्रसाद पाल रविवार 21 सितंबर की शाम 7 बजे अपने घर के पास स्थित हनुमान मंदिर में पूजा करने गया था। जब वह पूजा करके निकला तो उसके भतीजे अजीत पाल ने रास्ता रोक लिया। इसके बाद अजीत पाल ने हसिया से रामप्रसाद पाल पर हमला कर दिया। रामप्रसाद पाल लहूलूहान होकर गिर पड़ा। आनन फानन में परिजनों ने उसे बीडीएम अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने रामप्रसाद पाल को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना करते हुए अजीत पाल को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की वजह चाचा और भतीजा के बीच पुरानी रंजिश को बताई जा रही है।

## शराब विक्रेताओं पर आबकारी विभाग की कार्रवाई, तीन महिला गिरफ्तार

**हसौद।** तीन अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर आबकारी विभाग ने 29 लीटर अवैध शराब के साथ तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है।



आबकारी विभाग की टीम ने अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई की है। बुधवार 18 सितंबर को हुई इस अभियान में तीन अलग-अलग स्थानों पर छापामार कार्रवाई कर कुल 29.07 लीटर अवैध शराब जब्त की गई और तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया गया। वार्ड नंबर 7 किकिरदा में राजनी सागर पति गोरेलाल के घर से छिपाकर रखी गई 8.07 लीटर देशी, विदेशी व महुआ शराब बरामद की गई। वहीं ग्राम नगारीडीह में मंटोरी निराला पिता फूलेश राम से 15 लीटर और सुकबाई महिलांगे पति राजेश से 6 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। इस प्रकार कुल 29.07 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। आरोपियों पर आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय से रिमांड लेकर जेल दाखिल किया गया। इस अभियान में सहायक जिला आबकारी अधिकारी आशीष उप्पल, आबकारी उपनिरीक्षक घनश्याम प्रधान, कोमल सिदार, रघुनाथ पैकरा, संजीव भगत, भारती यादव, बसंती चौधरी, कमलेश यादव, परस कहरा समेत नगर सैनिकों का विशेष योगदान रहा।

## रेत का अवैध परिवहन करते 10 वाहनों पर हुई कार्रवाई

**बिर्रा।** ग्राम करही महानदी रेत घाट में बड़े पैमाने पर रेत के अवैध उत्खनन कर सीमावर्ती जिला सक्ती, सारंगढ़, महासमुंद क्षेत्र में लगातार रेत परिवहन करने की सूचना पुलिस को मिल रही थी। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी यदुमणी सिदार के मार्ग दर्शन में अवैध रेत परिवहन पर कड़ी कार्यवाही किये जाने के निर्देश पर थाना प्रभारी बिर्रा निरीक्षक जय कुमार साहू के नेतृत्व में थाना स्टॉफ के द्वारा अवैध रेत परिवहन मे संलिप्त रेत माफियाओं के विरूद्ध रेत परिवहन में प्रभावी अंकुश लगाने हेतु 10 ट्रेक्टरों के विरूद्ध खनिज परिवहन व मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक जय कुमार साहू थाना प्रभारी बिर्रा, स.उ.नि. मुकेश कुमार पाण्डेय, प्र.आर. अनिल अजगल्ले, गौतम गोविन्द पाण्डेय, आरक्षक रघुवीर यादव ,दीपक तिवारी, सनोहर जगत ,रामसाय साहू, का विशेष योगदान रहा।



## दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर के तर्ज पर बने पंडाल में विराजेंगी मां दुर्गा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

- शिवरीनारायण में 10 दिवसीय नवरात्रि व दशहरा मेला आज से होगा प्रारंभ

अन्नपूर्णा देवी की पावन धरा शिवरीनारायण में लगने वाले छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा ऐतिहासिक-धार्मिक माघी पूर्णिमा मेला की तर्ज पर इस वर्ष से शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर यहां नवरात्रि दशहरा मेला 22 सितंबर से प्रारंभ हो रहा है। इसकी तैयारियां जिला प्रशासन व नगर पंचायत के द्वारा की जा रही है।

इस मेले की तैयारी के संबंध में जांजगीर एसडीएम ने पिछले दिनों शिवरीनारायण नगर पंचायत के सभागार में समीक्षा बैठक की। साथ ही 18 सितंबर को संध्या बेला पर जिला कलेक्टर ने भी मेले की तैयारी व दुर्गा पंडाल की जायजा ली। उनके साथ जांजगीर एसडीएम सुब्रत प्रधान,छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के सदस्य चंद्रकांत तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत, वार्ड 10 पार्षद प्रतिनिधि पार्षद सुधांशु तिवारी आदि गणमान्य नागरिक थे। श्री दुर्गा उत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा महोत्सव के लिए लगभग एक करोड़ रुपए राशि का प्रावधान रखा गया है। जिसमें दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर की तर्ज पर मां दुर्गा पूजन महोत्सव के लिए विशाल व भव्य डोम पंडाल बनाया जा रहा है तथा 35 फीट की मां दुर्गा की मूर्ति सहित मां सरस्वती एवं मां लक्ष्मी सहितअनेक मूर्तियां स्थापित की जा रही है। नगर पंचायत द्वारा मेले में आने वाले व्यवसाईयों को भूमि आवंटन किया जा रहा है। मेले में अनेक दुकानें सज गई है। मेले में अनेक प्रकार की मनोरंजन के संसाधन भी लग रही है। बच्चों और युवकों को लुभाने वाले झूले भी लग गए हैं। वही भगवान श्री शिवरीनारायण का आकर्षण श्रृंगार किया जा रहा है तथा नगर के मुख्य मंदिर सहित अन्य सभी मंदिरों की साफ सफाई रंग-रोगन भी की गई है तथा झालर लाइटिंग की भी व्यवस्था की जा रही है। श्रद्धालुओं का मंदिर दर्शन हेतु भी उचित व्यवस्था की जा रही है। मेले में आने वाले लोगों के सुरक्षा के लिए पुलिस बल की अच्छी खासी व्यवस्था की जा रही है। साथ ही मेले में चिकित्सा,विद्युत, पेयजल आदि की भी उचित व्यवस्था की जा रही है। नगर के विद्युत खंभों में लाइट लगाई जा रही है साथ ही नगर के गली-सड़कों व चौंक-चौराहों की साफ सफाई जारी है। एसडीएम जांजगीर ने मेले की समीक्षा बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारों को मेले हेतु उचित और पर्याप्त व्यवस्था करने का निर्देश दिए हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में सागर केशरवानी, नितेश केशर वानी, संदीप सुल्तानिया मनोज तिवारी, रवि कटकवार, सचिन मिश्रा, मदन कहरा एवं सभी वर्गों के लोग जुटे हुए है।



तैयार हो रहा भव्य पंडाल।
























संकलनकर्ता:-

**अरुण केडिया**

हरिभूमि प्रतिनिधि अकलतरा मो.नं.-7000868109




जय अग्रोहा
अग्रवाल सेवा संघ चांपा
जय अग्रसेन
श्री अग्रसेन जयंती समारोह 2025
ईंट
कार्यक्रम
सोमवार, 22 सितम्बर 2025
महाराजा अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा पूर्वान्ह 11.30 बजे से
स्थानः श्री श्याम मंदिर, मोदी चौक, चांपा से
श्री अग्रसेन जयंती समारोह 2025
समयः रात्रि 7.30 बजे से, स्थानः श्री राम मंगलम् (श्रीराम बाड़ा) चांपा
मा. बसंत अग्रवाल
मुख्य अतिथि
वरिष्ठ समाजसेवी एवं धर्मवीर
रायपुर (छ.ग.)
मा. गौरव अग्रवाल
विशिष्ट अतिथि
वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति
बिलासपुर
श्री जगदीश मोदी
अध्यक्ष
अग्रवाल सेवा संघ चांपा
श्री अखिलेश मोदी (मिंटू)
सचिव
अग्रवाल सेवा संघ चांपा
श्री किशोर मोदी
कोषाध्यक्ष
अग्रवाल सेवा संघ चांपा
।। श्री श्री १००८ श्री महाराज अग्रसेन जी की जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं...
रामनारायण मित्तल (गुट्टु भैया)
(संरक्षक, अग्रवाल सेवा संघ)
बजरंग अग्रवाल
संरक्षक
अग्रवाल सेवा संघ
पवन मोदी
संरक्षक
अग्रवाल सेवा संघ
रामनारायण मोदी
संरक्षक
अग्रवाल सेवा संघ
कमल किशोर मोदी
संरक्षक
अग्रवाल सेवा संघ
राजेश अग्रवाल
संरक्षक
अग्रवाल सेवा संघ
विनोद मोदी (सीरिया)
संरक्षक
अग्रवाल सेवा संघ
विनोद अग्रवाल (गैस एजेंसी)
संरक्षक
अग्रवाल सेवा संघ
मनोज मित्तल
संरक्षक
अग्रवाल सेवा संघ
मुरलीधर जयपुरिया
संरक्षक
अग्रवाल सेवा संघ
मोहन मित्तल
संरक्षक
अग्रवाल सेवा संघ
शैलेश बाजोरिया
सदस्य
अग्रवाल सेवा संघ
राजेन्द्र अग्रवाल (राजू)
संरक्षक
अग्रवाल सेवा संघ
गणेश कुमार मोदी
पूर्व अध्यक्ष
अग्रवाल सेवा संघ
गोपाल मित्तल
श्री बालाजी डेवलपर्स
संरक्षक श्री नारायणी धाम चांपा
अजय बंसल
अध्यक्ष
अग्रवाल सेवा समिति चांपा
जीवन मोदी
सदस्य, अग्रवाल सेवा संघ
नारायण मित्तल
पूर्व पार्षद, वार्ड क्रमांक 6
अविनाश मुरारका
सदस्य, अग्रवाल सेवा संघ
विपेन्द्र अग्रवाल
संचालक, जय दुर्गा रूई भंडार
सुमित अग्रवाल
सदस्य अग्रवाल सेवा संघ
राजेन्द्र अग्रवाल (रज्जू)
संचालक यश प्लाई एण्ड हार्डवेयर
अनिल अग्रवाल
आयकर, विक्रयकर सलाहकार
आशुतोष अग्रवाल
संचालक, होटल श्री श्याम
अग्रसेन जी की शोभायात्रा एवं जयंती समारोह में सभी अग्रबंधु सपरिवार सादर आमंत्रित है...
निवेदक : अग्रवाल सेवा संघ चांपा